# आकाशवाणी शिमला
## 27.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

**प्रधानमंत्री गुजरात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हाल के घटनाक्रमों ने साबित किया है कि पाकिस्तान का भारत के विरूद्ध तथाकथित छद्म युद्ध वास्तव में एक सुनियोजित युद्ध रणनीति है। गुजरात के गांधीनगर में आज एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छह मई की घटनाओं के बाद भारत को आतंकी गतिविधियों का प्रमाण देने की अब आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि ये कोई अलग–थलग आतंकवादी कृत्य नहीं हैं, बल्कि एक समन्वित सैन्य रणनीति का हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत किसी से दुश्मनी नहीं चाहता है और भारत शांति से रहना चाहता है। उन्होंने कहा कि देश इस तरीके से प्रगति करने की आकांक्षा रखता है जो विश्व के कल्याण में योगदान दे सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार करोडों भारतीयों के उत्थान के लिए समर्पण के साथ कार्य कर रही है।

**उपमुख्यमंत्री**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज उना जिले के हरोली विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए की योजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य केवल विकास है और वह उसे विकास के एजेंडे पर पूरी तरह से खरी उतर रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव और गरीब की सेवा का लक्ष्य उनके लिए सदैव सर्वोपरि रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सरकार विकास पसंद सरकार है और वह अपना काम करना बखूबी जानती है जबकि विपक्ष अपना काम कर रहा है और यही लोकतंत्र की खूबसूरती है।

**सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल**

भारत विभिन्न देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजकर विश्व में आतंकवाद को पाकिस्तान द्वारा समर्थन दिये जाने का खुलासा कर रहा है। इसके साथ भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति का प्रसार भी कर रहा है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण अमरीकी देश गयाना का दौरा किया। इस दौरान शशि थरूर ने कहा कि गयाना ने आतंकी हमले से खुद की रक्षा करने और प्रभावशाली तरीके से कार्रवाई करने के भारत के अधिकार को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि भारत को गयाना की सरकार से बिना शर्त की सहानुभूति और समर्थन प्राप्त हुआ है। प्रतिनिधिमंडल ने गयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली से भी मुलाकात की। जनता दल युनाइटेड के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर के वरिष्ठ विदेश और गृहमंत्री के साथ बैठक की। बैठक के बाद संजय कुमार झा ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने वित्तीय कार्रवाई कार्यबल से पाकिस्तान को ब्लैक लिस्ट में शामिल करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें ऑपरेशन सिंदूर और भारत की आतंकवाद से निपटने की नीति में उभरते न्यू नॉर्मल की जानकारी दी।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने कहा है कि प्रदेश में पहली जून से 5 सौ मिलीलीटर पानी की प्लास्टिक बोतलों पर प्रतिबंध रहेगा। शिमला में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधिकारियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लिए गए इस महत्वपूर्ण कदम की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को इसके दृष्टिगत व्यापक जन जागरूकता बढ़ाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा प्रबोध सक्सेना ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी पर्यटक वाहनों सहित निजी परिवहन व टैक्सियों में गारबेज बिन को लेकर जारी दिशा–निर्देशों की कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित बनाने को भी कहा।

**धर्मेंद्र प्रधान–शिक्षा**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पारंपरिक मूल्यों को संरक्षित करते हुए देश में भविष्य की शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली में आज एक मीडिया नेटवर्क के शिक्षा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक दूरदर्शी ढांचे के रूप में उभरी है, जो भारत में सीखने के भविष्य को आकार दे रही है। धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि भारत ने बुनियादी ढांचे, समावेशिता और आधुनिकीकरण पर बल देते हुए शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

————————————————————